कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस नोट,जनपद फतेहपुर

दिनांक 18.06.2026

थाना हथगाँव पुलिस द्वारा गैर-इरादतन हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 24.05.2026 को वादिनी प्राची गुप्ता पुत्री स्व0 कृष्ण कुमार गुप्ता उम्र करीब 28 वर्ष निवासिनी ग्राम नवाबगंज निजामुद्दीनपुर थाना हथगांव जिला फतेहपुर द्वारा थाना हथगाँव पर तहरीरी सूचना दी गई कि दिनांक 23.05.2026 को जमीनी विवाद को लेकर आरोपीगण 1.जवाहिर गुप्ता पुत्र अज्ञात 2.संजय गुप्ता पुत्र अज्ञात 3.सर्वन पुत्र अज्ञात 4.सुशील पुत्र अज्ञात निवासीगण ग्राम नवाबगंज निजामुद्दीनपुर थाना हथगांव जिला फतेहपुर व अन्य इनके पुत्र नाम अज्ञात द्वारा वादिनी के पिता कृष्ण कुमार गुप्ता एवं भाई से बहस करते हुए धक्का मुक्की व मारपीट करना जिससे वादिनी के पिता कृष्ण कुमार गुप्ता का स्वास्थ्य गड़बड़ा जाना एवं हार्ट अटैक आने से मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध मे प्राप्त हुआ था। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हथगाँव पर मु0अ0सं0- 106/2026 धारा 191(2)/115(2)/105 बीएनएस पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तारी का विवरणः- श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, जनपद फतेहपुर के पर्यवेक्षण एवं पुलिस उपाधीक्षक थरियांव के कुशल नेतृत्व में थाना हथगाँव पुलिस द्वारा दिनांक-18.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-106/2026 धारा 191(2)/115(2)/105 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुशील गुप्ता पुत्र जवाहर लाल गुप्ता उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम नवाबगंज छिवलहा थाना हथगांव जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

- उक्त अभियोग से संबंधित शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्त से मुकदमा उपरोक्त की घटना के संबंध में पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि दिनांक 23.05.2026 को मुन्नीलाल गुप्ता जो वादिनी मुकदमा के पिता के बडे भाई है कि जमीन पर नींव खोदने की बात को लेकर मृतक कृष्ण कुमार गुप्ता एवं उसके भाई से बहस करते हुए धक्का मुक्की व मारपीट हुई थी, जिससे वादिनी के पिता कृष्ण कुमार गुप्ता की सदमे से मृत्यु हो गयी थी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-

1. सुशील गुप्ता पुत्र जवाहर लाल गुप्ता उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम नवाबगंज छिवलहा थाना हथगांव जनपद फतेहपुर

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 उत्कर्ष मिश्रा थाना हथगाँव जनपद फतेहपुर।

2.का0 रवि कुमार

3.रि0कां0 रवि प्रकाश यादव